सार-समाचार

## जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**भरतपुर, (निसं)।** राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद प्रधानाचार्य जिला भरतपुर द्वारा पदोन्नत प्रधानाचार्यों की पदोन्नित तिथि का अंकन करवाने बाबत शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर भरतपुर घनश्याम शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि शिक्षा मंत्री एवं शासन सचिव शिक्षा के आदेशों के बावजूद निदेशालय बीकानेर द्वारा सत्र 2015-16 से 2019-20 तक पदोन्नत प्रधानाचार्यों की पदोन्नित तिथि का अंकन कार्य हठधर्मिता व एक कैडर विशेष को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से नहीं किया गया है, दिनांक 3 मार्च 2015 को वित्त विभाग से 4999 प्रधानाचार्य पदों की स्वीकृति के स्पष्ट आदेश जारी होने के बाद भी निदेशालय में डीपीसी प्रकोष्ठ में पदस्थापित अधिकारियों, कर्मचारियों की अकर्मण्यता के कारण उक्त अवधि में पदोन्नत लगभग 8000 प्रधानाचार्य आज भी अपने नाम के सम्मुख पदोन्नित तिथि का अंकन होने से वंचित हैं जिससे पूरे राजस्थान के प्रधानाचार्य संवर्ग में असंतोष और आक्रोश व्याप्त है , उक्त तिथि के अंकन के अभाव में प्रधानाचार्य वर्ग को भारी वित्तीय नुकसान की आशंका है। सात दिवस में प्रधानाचार्यों कि उक्त मांग नहीं माने जाने परआगामी 8 जून को निदेशालय बीकानेर पर धरना देकर घेराव किया जाएगा और फिर भी यदि प्रधानाचार्यों की न्यायोचित मांग नहीं मानी जाती है तो नया शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के प्रथम दिन से ही संगठन द्वारा निदेशालय पर आमरण अनशन एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा । आज अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा को सौंपे गए ज्ञापन के समय प्रतिनिधिमंडल में रनधीर सिंह , सुनील गुप्ता, सुभाष चंद पाराशर , दिनेश सिंह , युधिष्ठिर सिंह , विमल कुमार, हेमेंद्र गोयल, नीलिमा छाबड़ा, राजरानी फौजदार , डॉ दिलीप कुमार गर्ग , ओमवीर सिंह , रामगोपाल , विशाल चौधरी आदि प्रधानाचार्य एवं समकक्ष अधिकारी शामिल थे । इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल द्वारा संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा भरतपुर संभाग दलबीर सिंह को भी इस बाबत ज्ञापन सोपा गया ।

## अवैध क्लीनिक और लैब पर छापा

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** 29 मई। क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट-2010 के तहत गंगापुर सिटी में डायग्नोस्टिक लैब और डेंटल क्लीनिकों पर हुई औचक कार्रवाई से अवैध रूप से संचालित चिकित्सा संस्थानों में हड़कंप मच गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर डॉ. अनिल कुमार जैमिनी के नेतृत्व में गठित टीम ने शहर के विभिन्न निजी संस्थानों का निरीक्षण किया। विभागीय टीम को देखते ही कई क्लीनिक संचालक शटर बंद कर मौके से फरार हो गए। जांच टीम जब उदेई मोड़ स्थित दामोदर डेंटल क्लीनिक पहुंची, तो संचालक पवन गुप्ता क्लीनिक बंद कर भाग चुके थे। इस पर टीम ने बिना रजिस्ट्रेशन क्लीनिक चलाने का नोटिस शटर पर चस्पा कर उसे सीज कर दिया। इसके अलावा सरकारी अस्पताल के सामने संचालित विकास डेंटल क्लीनिक पर भी कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान टीम ने संचालकों से रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, स्टाफ की योग्यता के दस्तावेज, बायो मेडिकल वेस्ट एग्रीमेंट और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र मांगे। मौके पर रिकॉर्ड नहीं दिखाने वाले अपंजीकृत संस्थानों को सीज करने के निर्देश दिए हैं। इन को थमाए नोटिसरू कार्रवाई के दौरान बजरंग लैब, चौधरी दांतों का क्लीनिक (फव्वारा चौक), मोहम्मद साजिद की दुकान, इमामी डेंटल हॉस्पिटल (न्यू फ्रूट मंडी), इमामी दांतों का अस्पताल (प्राइवेट बस स्टैंड), चौधरी दांतों का अस्पताल (नरूका पैलेस के सामने), फौजी दांतों का अस्पताल तथा सिटी डेंटल हॉस्पिटल के संचालकों को एक्ट के उल्लंघन पर मौके पर ही नोटिस जारी किए गए। जांच दल में केस ऑफिसर आशीष गौतम, डीपीसी (पीसीपीएनडीटी) प्रसून मिश्रा और डॉ. सलमान खान शामिल थे।

## भंडारे का आयोजन

**महावीरजी/करौली, (निसं)।** जिले के श्री महावीर जी निकटवर्ती मीना गावडी में 21मई से चल रही श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन पर भंडारे का आयोजन किया। जिसमें हजारों लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। मनीष प्रजापत ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा के आयोजक जगराम प्रजापत,गिर्राज प्रजापत,भागमल,भगीरथ, पिल्लूराम प्रजापत, मनीष प्रजापत,लोकेश प्रजापत गावडी सामूहिक रूप से किया गया। जिसमें भागवताचार्य पंडित कुलदीप कृष्णा वृंदावन के मुखारविन्द से भागवत का रसास्वादन किया। समापन समारोह में अतिथियों का माला साफा ,शॉल,पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया।,मुख्य अतिथि जोराराम कुमावत ने कहा कि एसे धार्मिक आयोजनो से लोगो में अपनत्व एवं भाई चारा बढ़ता है। तथा सत मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। मनुष्य को जिंदगी में अच्छे काम करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री मंगला पशु बीमा योजना ,निःशुल्क पशु उपचार के लिए 1962 पर कॉल कर सुविधा शुरू की है। पशु उप केंद्र गांवडी मीना को अगले बजट में क्रमोन्नत करने की घोषणा की ,पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि रामेश्वर ठेकेदार संरक्षक दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली ने कहा कि हमें समाज की एकता के साथ शिक्षा पर ध्यान देकर आर्थिक,सामाजिक और राज नैतिक स्थिति मजबूत करनी चाहिए,पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव ने समाज विकास के लिए अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि मैं अपने क्षेत्र के हर सुख दुःख में सभी के साथ हूं प्रजापति समाज के साथ मेरा गहरा लगाव है,सरकार से हर स्तर की समस्या का समाधान कराया जाएगा,कार्यक्रम में रामेश्वर ठेकेदारगंगाराम प्रजापत, रमेश प्रजापत, लखन, लोकेश, प्रकाश, अमरसिंह, विजय सिंह सलाबाद, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## बारिश के साथ गिरे ओले

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** गंगापुर सिटी और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को मौसम में अचानक बदलाव आया। तेज अंधड़, बारिश और ओलावृष्टि से पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। शाम करीब 5 बजे के बाद तेज बारिश के साथ बेर के आकार के बड़े ओले गिरे, जिससे सड़कें, मैदान और घरों की छतें ओलों से ढक गईं। वजीरपुर और मीना बड़ौदा सहित ग्रामीण इलाकों में भी ओलावृष्टि दर्ज की गई। एक दिन पहले तक क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोप था, जहां तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। तेज धूप और लू के कारण दोपहर में सड़कें सुनसान रहती थीं और लोग आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे थे। मौसम में बदलाव गुरुवार शाम से ही शुरू हो गया था। तेज हवाओं और अंधड़ के बाद शुक्रवार सुबह आसमान में बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी हुई। शाम को मौसम ने फिर करवट ली और बारिश के साथ ओले गिरने लगे। यह ओलावृष्टि लगभग 20 मिनट तक जारी रही। मौसम बदलने के बाद क्षेत्र का तापमान लगभग 3 डिग्री सेल्सियस गिरकर 39 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हालांकि, उमस का प्रभाव बना रहा, फिर भी लोगों ने गर्मी से काफी राहत महसूस की। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों के लिए गंगापुर सिटी और आसपास के क्षेत्रों में आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

## भारत विकास परिषद की बैठक आज

**करौली, (निसं)।** भारत विकास परिषद शाखा करौली की संगठनात्मक बैठक का आयोजन शनिवार, 30 मई को दोपहर 1 बजे सिद्धि विनायक होटल के सभागार, गुलाब बाग करौली में किया जाएगा। परिषद के जिला समन्वयक राजेन्द्र दीवान ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में भारत विकास परिषद उत्तर पश्चिम क्षेत्र के संगठन सचिव शिवक्रांत खंडेलवाल सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ संपर्क एवं संवाद कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे तथा संगठन की भावी योजनाओं एवं गतिविधियों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष हेमन्त कुमार गर्ग एवं प्रांतीय सचिव धर्मेंद्र मित्तल द्वारा परिषद की सेवा गतिविधियों, संगठन विस्तार, सदस्यता अभिवृद्धि एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। परिषद के अध्यक्ष तुलसी दास गोयनका व सचिव कमलाकांत शर्मा ने सभी महिला एवं पुरुष सदस्यों से कार्यक्रम में आवश्यक रूप से उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

## आभार जताया

**करौली, (निसं )।** रेल विकास समिति अध्यक्ष वेणुगोपाल शर्मा एवं सत्येन चतुर्वेदी के नेतृत्व में समिति सदस्यों ने पूर्व विधायक महारानी रोहिणी कुमारी से भवर विलास में मुलाकात कर उनके द्वारा सरमथुरा गंगापुर रेल परियोजना को विशेष श्रेणी में दर्जा दिलवाने के लिए किए गए प्रयासों हेतु आभार व्यक्त किया।

सत्येन चतुर्वेदी ने बताया की गत दिनों रोहिणी कुमारी ने प्रधानमंत्री से भेंट कर करौली धौलपुर रेल परियोजना को विशेष श्रेणी में दर्जा दिलाने की मांग रखी जो पूरी हो गई इससे क्षेत्रबासियो में खुशी की लहर दौड़ गई इस परियोजना को विशेष श्रेणी में आने से रेल कार्य को गति मिलेगी साथ ही भूमि अधिठाहण कार्य जल्दी शुरु करने हेतु मांग रखी जिस पर रोहिणी कुमारी ने उप खण्ड अधिकारी करौली प्रेमराज मीणा से दूरभाष पर बात की मीणा ने बताया की प्रशासन की और से नक्शा तैयार कर कार्यवाही पूरी कर ली गई है जल्दी रेलवे से अधिकारी आएंगे और आगे की कार्यवाही करेंगे इस दौरान करौली के अन्य विकास कार्य जैसे एम्स, भद्रावती नदी पुनरोद्धार, रोडवेज डिपो आदि पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। समिति के पूरन प्रताप चतुर्वेदी जितेंद्र मित्तल, मनोज शर्मा, अजय मुखर्जी, अरुण जिंदल, गोविंद सर्राफ आदि मौजूद रहे।

# अपहृत छात्र 4 घंटे में बरामद, तीन गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** उदेई मोड़ थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अपहृत छात्र को महज चार घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और घटना में प्रयुक्त वाहन भी जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार, 27 मई को रिको एरिया निवासी खुशीराम सैनी ने उदेई मोड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके बड़े भाई लवकुश सैनी का कुछ अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है और फिरौती की मांग कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रयी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार राजौरा और वृत्ताधिकारी गिर्राज प्रसाद मीना के सुपरविजन में एक टीम गठित की गई। थाना प्रभारी बृजेश सिंह तंवर के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से सघन तलाशी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान, अपहृत छात्र को वजीरपुर थाना क्षेत्र के सेवा गांव इलाके से सकुशल बरामद कर लिया गया। इसी दौरान, तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नादौती थाना क्षेत्र के गोट्या का पुरा निवासी प्रवीण मौना, कुडगांव थाना क्षेत्र के गावडियापुरा निवासी सोनू मीना और सपोटरा जिला करौली के विरखिंडी थाना क्षेत्र निवासी केशराम मीना के रूप में हुई है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी बृजेश सिंह तंवर, उपनिरीक्षक दिलीप सिंह, कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, राजाराम, समय सिंह तथा साइबर सेल के राजकुमार की विशेष भूमिका रही।



पुलिस ने फिरोती मांगने वाले तीन आरोपियों को दबोचा।

# 'वीर सावरकर का जीवन त्याग, तपस्या व राष्ट्रभक्ति की मिसाल'

**भरतपुर, (निसं)।** ब्रजभूमि कल्याण परिषद भरतपुर के तत्वावधान में आगरा रोड स्थित लाडली होटल में विनायक दामोदर वीर सावरकर की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि विप्र फाउन्डेशन जोन 2-डी के जिला अध्यक्ष सुशील पाराशर थे। गोष्ठी की अध्यक्षता समता आन्दोलन के जिलाध्यक्ष केदार पाराशर ने की जबकि विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में ब्रजभूमि कल्याण परिषद राजस्थान के प्रदेश महासचिव अनिल भारद्वाज रहे। सभी अतिथियों ने विनायक दामोदर वीर सावरकर के चित्र पर दीप प्रज्जवल एवं माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित इंदुशेखर शर्मा, सहदेव जाट, हेमंत पीरनगर आदि ने अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। समारोह में मुख्य वक्ता अनिल भारद्वाज ने कहा कि वीर सावरकर केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं थे बल्कि एक राष्ट्र विचारक भी थे। उन्होंने काले पानी की यातनाएं भी सहकर हिन्दुत्व और अखंड भारत का मंत्र दिया। उनका नारा 'चलना ही हमारी नीति है' आज भी ब्रज रक्षा आन्दोलन की प्रेरणा बन रही है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो ब्रज की सुजानगंगा को नाला कहेगा, जो लोहगढ के स्वाभिमान से खिलवाड़ करेगा, उसे वीर सावरकर के सिद्धान्त पर ठोकर मारकर जवाब दिया जायेगा। विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि सुशील पाराशर ने कहा कि वीर सावरकर का जीवन त्याग, तपस्या और राष्ट्रभक्ति की मिसाल है।

उन्होंने नई पीढी को वीर सावरकर जी के साहित्य एवं विचारों से जुड़ने का आठाह किया। अध्यक्ष केदार पाराशर ने कहा कि वीर सावरकर संघर्ष के पर्याय हैं, हमें संघर्ष से घबराना नहीं है। उन्होंनें आज के युवाओं को राष्ट्रवाद एवं हिन्दुत्व की भावना वीर सावरकर के सिद्धांतों से सीखने का आठाह भी किया। इस अवसर पर गोष्ठी में मदनमोहन शर्मा, जीवनलाल, के.के.शर्मा, रंजीत फौजदार, प्रेमचंद लवानियां एवं उमेश गोयल ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सभी ने देशभक्ति के नारे भारत माता की जय, वंदे मातरम एवं वीर सावरकर अमर रहे का जयघोष भी हुआ। गोष्ठी का संचालन हेमंत पीरनगर ने किया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।



वीर सावरकर की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन हुआ।

# पूर्व सांसद राजोरिया की टीम ने जिला अस्पताल डॉक्टर्स टीम को हराया

**हिण्डौन, (निसं)।** क्षेत्र में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का सबसे रोमांचक और यादगार मुकाबला उस समय देखने को मिला जब पूर्व सांसद डॉ . मनोज राजोरिया की कप्तानी वाली जीवन ज्योति फाउंडेशन टीम और जिला अस्पताल हिण्डौन सिटी के डॉक्टर्स आमने-सामने उतरे। दोनों टीमों के बीच हुआ यह हाई-वोल्टेज मुकाबला आखिरी गेंद तक दर्शकों की धड़कनें बढ़ाता रहा। अंततः जीवन ज्योति फाउंडेशन की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए डॉक्टर्स टीम को मात्र 4 रन से हराकर प्रतियोगिता में यादगार जीत दर्ज की।

जीवन ज्योति फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी मदन मोहन भास्कर ने बताया कि मैच शुरुआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जीवन ज्योति फाउंडेशन की ओर से कप्तान डॉ. मनोज राजोरिया ने अपनी टीम को बेहतरीन नेतृत्व दिया। बल्लेबाजी में संयम और गेंदबाजी में आक्रामक रणनीति अपनाते हुए उन्होंने मैच को पूरी तरह रोमांचक बनाए रखा। मैदान पर मौजूद दर्शकों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का तालियों और उत्साह के साथ हौसला बढ़ाया।

हिण्डौन डॉक्टर्स की टीम के कप्तान डॉ. आशीष शर्मा की टीम ने शुरुआत से ही बहुत अच्छी फील्डिंग की और बैटिंग भी बहुत ही धमाकेदार की। डॉ. नंदमोहन सुमन,डॉ. अवधेश सोलंकी, डॉ. रामराज मीणा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मैच को लगभग अपनी टीम की झोली में डाल दिया था। उनके शानदार चौकों और दमदार शॉट्स को देखकर ऐसा लग रहा था कि अब मुकाबला पूरी तरह डॉक्टर्स टीम के पक्ष में जा चुका है। उनके साथ ओमी लाल, कुलदीप सिंह और अन्य खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से डॉक्टर्स की बल्लेबाजी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और मैदान में बैठे लोग डॉक्टर टीम की जीत लगभग तय मान चुके थे। लेकिन मैच का असली मोड़ उस समय आया जब जीवन ज्योति फाउंडेशन के कप्तान डॉ. मनोज राजोरिया ने खुद गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभाली।

## कार्यकारिणी घोषित

**भरतपुर, (निसं)।** वरिष्ठ नागरिक संस्थान राजस्थान के विधान के अनुसार नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष भंवर सेठ के द्वारा राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी सत्र 2026 से 2029 तक 3 वर्ष के लिए, 51 सदस्यों का गठन किया जाकर भरतपुर से चार सदस्यों को शामिल किया गया है प्रदेश कार्यकारिणी में भरतपुर से वीर सिंह कुंतल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा इंजीनियर उत्तम सिंह को क्षेत्रीय मंत्री एवं डॉ सतीश पाराशर को संगठन मंत्री और गंगो सिंह को प्रचार प्रसार मंत्री बनाया गया है सभी पदाधिकारी वरिष्ठ नागरिक संस्थान राजस्थान के विधान के अनुसार कार्य करेंगे राजस्थान के वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं की मांगों का ज्ञापन विधानसभा अध्यक्ष के नाम का जिला कलेक्टर भरतपुर को शीघ्र ही प्रदान किया जाएगा।

# गंगापुर सिटी में ग्रामीणों ने जल संरक्षण का लिया संकल्प

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत अमरगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया जिसमें बडी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

ग्रामीणों ने कलश यात्रा, पौधारोपण, जल पूजन और श्रमदान जैसी गतिविधियों में शामिल होकर जल स्रोतों को बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि जिला कलेक्टर काना राम भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत पीपल पूजन और पौधारोपण से हुई। इसके बाद पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए और सुमेल एनीकट सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के अंतर्गत अमरगढ़ पुलिया पर जल पूजन तथा श्रमदान किया गया। लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से जल संरक्षण, पौधारोपण और विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। ष्जल ही जीवन है। और हरियालो राजस्थानष्जैसे लोकगीतों ने ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार नायक ने इस अवसर पर कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक दायित्व भी है। उन्होंने वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण और ष्एक परिवार-एक पौधाष अभियान को जन आंदोलन बनाने की अपील की। 20 लाख पौधे लगाने का लक्ष्यरू गंगापुर सिटी में जल और हरियाली पर जोर दिया। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने जोर दिया कि जल और प्रकृति के संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से ष्ग्रीनरी और क्लीनरीष को अपनी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने का आग्रह किया।

जिला कलेक्टर काना राम ने बताया कि मानसून से पहले पूरे जिले में जल संरक्षण संरचनाओं की सफाई, गहरीकरण और पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष जिले में लगभग 20 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान वृक्ष संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले धन सिंह सैनी, मंगल सैनी, रामकेश माली और बाबू माली को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

■ पौधारोपण से दिया पर्यावरण संवर्धन का संदेश



वंदे गंगा जल संरक्षण योजना के तहत पूजन किया।

सार-समाचार

## स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता आयोजित

**भरतपुर, (निस)।** सी के बिरला हॉस्पिटल्स, जयपुर द्वारा लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स के सहयोग से होटल ठौंड सीपी, भरतपुर में हेल्थ अवेयरनेस टॉक का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी अमित खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय रहते जांच एवं उपचार के महत्व को समझाना रहा। कार्यक्रम में सी के बिरला हॉस्पिटल्स, जयपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कैंसर की रोकथाम, शुरुआती पहचान एवं आधुनिक उपचार पद्धितयों पर विस्तार से जानकारी दी। क्लब अध्यक्ष बीएम गुप्ता ने बताया कि मेडिकल टॉक में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. रुचिर भंडारी ने कैंसर की शुरुआती पहचान एवं नियमित स्क्रीनिंग का महत्व विषय पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यदि कैंसर का समय पर पता चल जाए तो उपचार की सफलता की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने लोगों को नियमित हेल्थ चेकअप एवं स्क्रीनिंग कराने के लिए प्रेरित किया। वहीं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. आनंद मोहन ने कैंसर सर्जरी में आधुनिक तकनीकी प्रगति विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में एडवांस सर्जिकल तकनीकों की सहायता से कैंसर का उपचार अधिक सुरक्षित एवं प्रभावी हो गया है। संचालन क्लब सचिव रमेश चंद्र वर्मा ने किया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, लायंस क्लब सदस्यों एवं अन्य अतिथियों सहित 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने विशेषज्ञों से स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जानकारी प्राप्त की तथा कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर सचिन सिंह जीएम ग्रोथ एंड डेवलपमेंट ने कहा, सी के बिरला हॉस्पिटल्स का उद्देश्य केवल उपचार प्रदान करना ही नहीं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। ऐसे कार्यक्रम लोगों को सही समय पर सही जानकारी देकर गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर क्लब संरक्षक विनोद सिंघल, जॉन चेयरपर्सन मंजू गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनु राणा, राजेश कपूर, सत्यव्रत आर्य, रोहित गोयल, भंवर सिंह सागर, दिनेश सिंघल, मुनेंद्र सिंह, डॉ रोहित भारतीय, मंगतू राम बंसवाड़ा आदि उपस्थित रहे।

## बिजली-पानी को लेकर आक्रोश

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष दयाचंद पचौरी ने शहर में बिजली अव्यवस्था एवं पेयजल समस्या को लेकर पूरी जनता को हो रही परेशानी के ऊपर आक्रोश व्यक्त किया। शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी ने कांठोसजनों से चर्चा कर इस भीषण गर्मी में जबकि पारा 45 से 48 डिठाी के बीच में जनता झेल रही है। ऐसी स्थिति में दिन-रात में दर्जनों बार अघोषित विद्युत कटौती का होना कोढ में खाज का काम कर रही है। जनता कडी गर्मी से त्राहिमाम है घंटों बिजली अलोपित होना बिजली विभाग की असफलता को उजागर करती है। आमजन की शिकायत है बिजली जाने पर विभाग के अधिकारियों एवं घोषित शिकायती नम्बरों पर जब शिकायत करने का प्रयास करते हैं तो कोई संतोषजनक जबाव एवं टेलीफोन नहीं उठाये जाते हैं। ऐसी स्थिति में जनता भारतीय जनता पार्टी सरकार को कोसने के अलावा अपने दर्द को घुटन महसूस करती है। जब आराम का समय होता है तभी घंटों बिजली का जाना शारीरिक, मानसिक पीडा को कोई समझने वाला नहीं होता है। प्रशासन को कोसने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। यही शहर में पेयजल की समस्या को लेकर अधिकांश मौहल्ला कोलोनी में पानी की सप्लाई पहुँच ही नहीं पाती है, जहां कोई थोडी बहुत सप्लाई होती है तो इतना गंदा पानी बदबूदार गटर जैसा आता है जिसको पीना तो दूर मूँह धोना भी मुश्किल होता है। कई कोलोनी के पानी में तो कीडे आने की शिकायत मिली है। इस मौके पर शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, पूर्व शहर अध्यक्ष रमेश पाठक, प्रेमसिंह प्रजापत, मनोज शर्मा, चन्द्रकांत शर्मा, डॉ. लोकपाल सिंह, दिगम्बर खटाना, गजराज सिंह, आशीश राजपूत, शहीद खान, वीरेन्द्र नागर आदि कांठोसजनों ने विचार विमर्श कर एक स्वर से निर्णय लिया कि या तो बिजली विभाग एवं जलदाय विभाग तीन दिन में व्यवस्थाओं को नहीं सुधारा नहीं गया तो शहर कांठोस कमेटी द्वारा बीईएसएल एवं पीएचईडी के उच्च अधिकारियों का घेराव व धरना प्रदर्शन आदि किया जावेगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## गुमशुदा बालिका को परिजनों का सौंपा

**करौली, (निसं)।** शुक्रवार को प्रातः 10 बजे एक 4 वर्षीय बालिका अपने परिवार से बिछड़ गई थी। जिसको साइबर सेल के कार्यकर्ता सोनू माली द्वारा बाल कल्याण समिति में पेश किया गया। इससे पहले जैसे ही बालिका की सूचना बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा को मालूम हुई उन्होंने अपनी फेसबुक आईडी के माध्यम से एवं व्हाट्सएप ठ्रुप के जरिए बालिका की वीडियो बनाकर वायरल की गई। वायरल वीडियो को देखकर चटीकना निवासी बालिका के परिजन को मालूम चलने पर बालिका के पिता एवं माता बाल कल्याण समिति में उपस्थित हुए। बाल कल्याण समिति द्वारा बालिका को उसके माता-पिता के संरक्षण में स्थाई रूप से दे दिया गया।बालिका के परिजन बालिका को देखकर खुश हो गए एवं उन्होंने बाल कल्याण समिति और चाइल्डलाइन का आभार व्यक्त किया। सिर्फ 1 घंटे के अंदर ही बालिका की पहचान सोशल मीडिया के जरिए हो गई इससे बालिका के परिजन को बहुत राहत मिली।बालिका को परिवार को देने के समय बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा, सदस्य दिलीप कुमार मीणा एवं महिला सदस्य फरीदाशाह एवं चाइल्ड लाइन से सीमा चतुर्वेदी और राजू शर्मा उपस्थित रहे।

## उपजिला अस्पताल का निरीक्षण

**करौली, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की आमजन पहुंच की सुनिश्चितता हेतु सीएमएचओ डॉ.सतीश चंद मीना ने उप जिला अस्पताल सपोटरा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं से रूबरू हुए। उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन पर चिकित्सक और कार्मिकों की स्थिति जांची। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, जांच स्थिति, संस्थागत प्रसव, लू तापघात और हीट वेव के मरीजों के इलाज स्थिति और संस्था पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पीएमओ डॉ. सुभाष मीना को सफाई व्यवस्था में सुधार, चिकित्सकों के साथ समन्वय कर अधिकाधिक मरीजों को सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कार्मिकों को यूनिफॉर्म में निर्धारित समय पर पहुंच और ठहराव के लिए पाबंद किया और संस्था पर आने वाले मरीजों को समयबद्ध इलाज की अपेक्षा जताई।

## 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी

**भरतपुर, (निसं)।** शहर की सिमको लेबर कॉलोनी में बीती रात्रि को आकाशीय बिजली गिरने से मकान में हुई क्षित से पीड़ित परिवार को समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है तथा विश्वास दिलाया कि संस्था पीड़ित परिवार को भविष्य में ही सहयोग प्रदान करेगी। गुप्ता ने बताया कि उन्हें पता चला कि सिमको लेबर कॉलोनी निवासी झम्मन सिंह बघेल के मकान पर बीती रात्रि को आकाशीय बिजली गिरने से मकान की छत धाराशायी हो गई है। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर होने के कारण वह मरम्मत भी नहीं करा सकता। जिस पर संस्था ने 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर पीड़ित परिवार की मदद की है। सहायता राशि प्रदान करते हुए संस्था के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने विश्वास दिलाया कि पीड़ित परिवार को भविष्य में सहयोग प्रदान किया जायेगा। प्रदेश प्रभारी ने बताया कि संस्था प्राकृतिक आपदा एवं संकटठास्त लोगों की मदद में अठाणी भूमिका प्रदान कर पीड़ितों की मदद करती रही है। सहायता राशि प्राप्त होने पर पीड़ित परिवार ने संस्था का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के फिल्ड ऑफिसर विष्णु मित्तल, कार्यालय प्रभारी सचिन, चालक राजेन्द्र शर्मा, रामपाल बघेल, लक्ष्मी देवी, प्रवीन कुमार, विषमा कुमारी, सुन्दर होलकर एंव पीड़ित परिवार के परिजन मौजूद थे।

## आकाशीय बिजली गिरी, मकान क्षतिग्रस्त

**भरतपुर, (निस)।** मौसम बिभाग की चेतावनी के अनुरूप बदले मौसम के मिजाज के बीच हुई तेज बारिश व अंधड़ बिजली गर्जना से बीती देर रात सिमको लेबर कॉलोनी के रेलवे गेट संख्या 38 के पास आकाशीय बिजली गिरने से इलाके में हड़कंप मच गया। इस हादसे में झम्मन सिंह बघेल पुत्र तेजसिंह के मकान के कमरे की छह पट्टियां टूटकर नीचे गिर गईं, जिससे घर में रखा हुआ घरेलू सामान मलबे में दबकर क्षितठास्त हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बच गए। पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होने के कारण मकान को हुए इस नुकसान से उन पर बड़ा संकट आ गया है। पीड़ित झम्मन सिंह ने जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का सर्वे कराने और जल्द से जल्द उचित आर्थिक सहायता प्रदान करने की गुहार लगाई है।